**Dainik Bhaskar Date: 02.02.2018**

## सिटी प्लस

# श्री वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय में फैशन शो विनिर्माह 2018 का आयोजन



इंदौर| श्री वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय के टेक्सटाईल विभाग द्वारा फैशन शो विनिर्माह 2018 का आयोजन 29 जनवरी को विश्वविद्यालय कैम्पस में किया गया। फैशन शो में विद्यार्थियों ने विभिन्न थीम जैसे ट्रेडिशनल, वायब्रेंट इंडिया, डेर्जट, नियॉन, अवर नेशन अवर प्राइड आदि पर रेम्प वॉक किया। मुख्य अतिथि अतुल मित्तल, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, प्रतिभा सिंथिटेक्स थे। फैशन शो के कोआर्डिनेटर प्रो.टीके सिन्हा ने कहा कि कार्यक्रम एक प्लेटफार्म है जिसमें विद्यार्थियों ने अपना हुनर प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की कन्वेनर डॉ. कविता शर्मा ने स्वागत भाषण दिया। डॉ. धर ने कहा कि फैशन समय के साथ बदलता है और व्यक्ति का पहनावा उसके स्वभाव का आइना होता है। उन्होंने वैष्णव ट्रस्ट की यात्रा के बारे में जानकारी दी और कहा कि टेक्सटाइल टेक्नॉलाजी हर समय रहेगी।